NEWS CLIPPING: 15.08.2019

PUNJAB KESARI

एडवांस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करेगा विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कालेज में स्थापित हुआ आईएसएचआरएई का स्टूडेंट चैप्टर

फरीदाबाद, 14 अगस्त (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद की हीटिंग, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनिंग औररेफ्रिजरेटिंग (एचवीएसी) के क्षेत्र में प्रशिक्षण और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए उन्नत उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की योजना है। यह जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय में कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट में इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग और एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स (आईएसएचआरएई) के स्टूडेंट्स चैप्टर का शुभारंभ अवसर पर दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. राज कुमार, कालेज के प्राचार्य डॉ. संजीव गोयल, उप प्राचार्य डॉ. रश्मि पोपली, आईएसएचआरएई गुरूग्राम चैप्टर के अध्यक्ष संजय हंस, सचिव ग्लोरी श्रीवास्तव, स्टूडेंट एक्टीविटी चेयर सुमित कुमार और अरूण कुमार भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति ने कहा कि औद्योगिक आवश्यकता के अनुरूप विशिष्ट तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त इंजीनियर्स तैयार करना वाईएमसीए संस्था की एक मजबूत विरासत का हिस्सा रहा है और इस विरासत को आगे ले जाने के लिए विश्वविद्यालय को पहल करने की आवश्यकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि विश्वविद्यालय में एचवीएसी और रेफ्रिजरेटिंग के लिए एक उन्नत उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं पर कार्य करें।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 15 August 2019 https://epaper.punjabkesari.in/c/

NEWS CLIPPING: 15.08.2019

HDUSTAN

वाईएमसीए में कुलपति ने किया ध्वजारोहणः वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने ध्वजारोहण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष (विद्यार्थी कल्याण) डॉ. नरेश चैहान, निदेशक विद्यार्थी कल्याण डॉ प्रदीप कुमार डिमरी, डॉ. सोनिया बंसल आदि मौजूद रहे।

HINDUSTAN

वाईएमसीए में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित होगा

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में हीटिंग, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनिंग और रेफ्रीजरेटिंग (एचवीएसी) के क्षेत्र में प्रशिक्षण और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहन देने के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। ये जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट में इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग और एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स (आईएसएचआरएई) के स्टूडेंट्स चैप्टर के शुभारंभ के मौके पर दी। कुलपति ने कहा कि औद्योगिक आवश्यकता के मुताबिक विशिष्ट तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त इंजीनियर्स को तैयार करना मकसद है।

NEWS CLIPPING: 15.08.2019

DAINIK JAGRAN

ग्रीन पुलिसिंग की तर्ज पर हो कार्य : प्रो.दिनेश

फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय द्वारा गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम के तहत हरियाली पर्व का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि गुरु नानक देव की 550वीं जयंती के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी वाणी में निहित संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रहा है। गुरु नानक देव ने अपनी वाणी में प्रकृति के संरक्षण की बात कही है। कुलपति ने पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ग्रीन पुलिसिंग की तर्ज पर काम करने का आह्वान किया। इस दौरान छात्र एवं छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदर्शित पोस्टर तथा सीड बॉल स्टॉल का मुआयना भी किया। पर्यावरण सोसायटी वसुंधरा द्वारा सीड बॉल स्टॉल के माध्यम से भी बीज वितरित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में डीन संस्थान डॉ. संदीप ग्रोवर, पर्यावरण विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.आशुतोष दीक्षित, डॉ.अरविंद गुप्ता तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। (जासं)